तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 20 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 विजय की जीत पर भाजपा ने निकाली रैली



10 भ्रष्टाचार पर कसेगा शिकंजा, आम जनता ...



# बेमेतरा व नवागढ़ ब्लाक के नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों की हुई घोषणा, सौंपे गए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


बेमेतरा व नवागढ़ ब्लाक में प्रथम चरण में हुए जनपद पंचायत की सदस्यों के निर्वाचन की घोषणा कर दी गई है। इन निर्वाचित सदस्यों को बुधवार विधिवत प्रमाण पत्र सौंपे गए। रिटर्निंग अधिकारी दिव्या पोटाई की उपस्थिति में यह प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। बेमेतरा जनपद पंचायत के अंतर्गत 23 सदस्य आते हैं। आज गुरुवार जिला पंचायत सदस्यों की होगी घोषणा।

जनपद पंचायत बेमेतरा के नए सदस्यों में कुमारी जायसवाल, कमल नारायण भास्कर, शशि लिकेन्द्र टंडन, प्रमोद वर्मा, मीनाक्षी दानी चंद्राकर, राही राजेंद्र सिंह बनाफ़र, मालती बाई साहू, बीरबल सिंह वर्मा, सुमन धुव, सनत धर दीवान, जागेश्वरी भूपेंद्र साहू, नीता बाई टंडन, नीमा मोहन वर्मा, हेमा जय दिवाकर, मनोज सिंह चंदेल, दीपक दिनकर, अमित वर्मा, द्रोपती जितेंद्र यदु, दुर्गेशनंदिनी देवेंद्र वर्मा, शिव कुमार वर्मा, कौशिल हेमलाल साहू, मिथलेश वर्मा, शुभम गंधर्व मिलाकर 23 सदस्य शामिल हैं। ये सभी सदस्य बेमेतरा जनपद पंचायत के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से विजयी हुए हैं। इन निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर उनके चुनाव में विजयी होने की औपचारिक घोषणा की गई।

इसके साथ ही, इसी अवसर पर ग्राम पंचायत के नव-निर्वाचित पंच और सरपंच प्रत्याशियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। पंचायत चुनावों में जनता द्वारा चुने गए पंच और ▶▶| शेष पेज 11 पर

## बेमेतरा जनपद में 23 और नवागढ़ जनपद में हैं 24 सदस्य





### नवागढ़ जनपद पंचायत से ये 24 सदस्य हुए नवनिर्वाचित दिया गया प्रमाण पत्र

जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में नवागढ़ जनपद पंचायत के 24 विजयी प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी प्रकाश भारद्वाज की मौजूदगी में विधिवत प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह प्रमाण पत्र वितरण समारोह बेमेतरा में संपन्न हुआ, जहां निर्वाचित सदस्यों की औपचारिक घोषणा के साथ-साथ ग्राम पंचायत के पंच और सरपंच पदों पर विजयी प्रत्याशियों को भी उनके प्रमाण ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### विवाह समारोह में करंट से बैंड वादक की मौत

**गुरूर।** ग्राम सनौद में सोमवार की रात विवाह समारोह में बैंड बाजा बजाने पहुंचे एक लड़के की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि टेंट के लोहे में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिसे छूते ही वह झुलस गया। मौके पर मौजूद लोग उसे तत्काल जिला अस्पताल धमतरी ले गए, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक की पहचान घोघोपुरी निवासी 17 वर्षीय फलेश्वर यादव के रूप में हुई है। वह शादी समारोह में बाजा बजाने सनौद गांव आया हुआ था। बताया जा रहा है कि पंडाल में लगाए गए टेंट के लोहे के पाइप में कहीं से करंट आ गया, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। करंट लगते ही फलेश्वर जोर से चीखा और बेहोश होकर गिर पड़ा।

### टूटकर गिरा हाईटेंशन तार खेतों में रखा पैरा हुआ राख

**बालोद।** किसानों द्वारा अपने मवेशियों को खिलाने के लिए खेतों में रखे पैरा पर 33 केवी तार टूटकर गिरने से पैरा जलकर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मालीघोरी से बालोद सब स्टेशन के बीच तरौद के पास 33 केवी की विद्युत लाइन टूट गई। इस हेवी लाइन के टूटने से दो किसानों के खेतों में रखी पराली जलकर राख हो गई। हालांकि इस घटना के समय खेत खलिहान के पास किसी व्यक्ति या अन्य जीव जंतु की आवाजाही नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। लोगों ने बताया कि उनके गांव से गुजरने वाली इस हेवी लाइन का मेंटनेंस नहीं किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद लंबे समय तक लाइन में विद्युत का प्रवाह जारी रहा।

### किसान से मारपीट मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम खल्लारी में दो लोगों ने किसान से मारपीट कर धक्का देकर खेत में गिरा दिया। पुलिस के अनुसार लगनू राम गांवरे ने जानकारी दी है कि सोमवार को दोपहर 3 बजे खेत गया था। भाई राम भरोसा व भतीजा संतोष को खेत के मेड़ से पानी पाइप को ले जाने से मना करने पर दोनों ने गाली गलौज कर धमकी दी। राम भरोसा ने हाथ, मुक्का और संतोष ने डंडे से मारपीट की।

**विरोध :** परपोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बुंदेली का मामला, जांच में जुटी पुलिस

# गौठान से 70 मवेशी गायब, विहिप व बजरंग दल ने दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

परपोड़ी थाना से 12 किलोमीटर दूर बुन्देली गाँव में अज्ञात गिरोह द्वारा गौ तस्करी की घटना को अंजाम देने का गम्भीर मामला सामने आ रहा है। गाँव के मुख्यमार्ग पर स्थित स्थानीय गौठान से करीब 70 घुमंतू मवेशियों के एकाएक गायब होने की शिकायत की गई है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच में घटनास्थल से सुराग भी मिला है।

दरअसल क्षेत्र में इन दिनों ग्रामीण पंचायत चुनाव का दौर होने के कारण आमजन सहित जनप्रतिनिधि चुनावी शोर में व्यस्त हैं। वहीं, इसी बीच देवकर तहसील क्षेत्र एवं परपोड़ी थाना इलाके के ग्राम बुन्देली में गौठान से लगभग 70 घुमंतू पशु विगत 15 फरवरी की रात गायब होने से हड़कम्प मच गया है। हालाँकि पुलिस द्वारा करीब 30 मवेशियों के गुम होने की बात कही जा रही है।

इस घटना की जानकारी मिलने पर अगले दिन धमधा से विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता तत्काल गौठान पहुंचे और निरीक्षण किया। इस दौरान गौठान के समीप वाहन के टायर के निशान, शराब की खाली बोतल, कटी हुई रस्सी का टुकड़ा इत्यादि पाया गया। उसके बाद बजरंग दल ने अज्ञात आरोपी तस्करों के खिलाफ मवेशियों की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने जांच-तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा जल्द ही आरोपी तस्करों की गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

## गौठान के समीप वाहन के टायर के निशान शराब की खाली बोतल, रस्सी का टुकड़े मिले




### गौठान में ताला लगाकर रखे गए थे मवेशी

बताया जा रहा है कि गांव के इस गौठान की चाबी चिन्टू साहू नाम के व्यक्ति के पास रहती है। वहीं, जब गौठान में ताला लगाकर घुमंतू पशुओं को चारे की व्यवस्था कर रखा गया था, जो अगले दिन नदारद थे। इस सम्बंध में गाँव के अधिकांश लोगों का कहना है कि इन दिनों सब चुनावी पर्व के कारण काफी व्यस्त हैं, जिसके कारण किसी को इसकी भनक नहीं लगी। वहीं, कुछ ग्रामीण ग्राम पंचायत सरपँच, महिला समूह एवं अन्य व्यक्तियों की जिम्मेदारी पर भी सवाल उठा रहे हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद ही असलियत का खुलासा हो पायेगा।

### संदिग्धों से की जा रही पूछताछ

बजरंग दल द्वारा घटना को लेकर अज्ञात गौ तस्करों के खिलाफ थाने में शिकायत की गई है। मामले में एक-एक सन्दिग्ध से पूछताछ कर तलाशी ली जा रही है। घटनास्थल पर कुछ सुराग मिले हैं, जिनकी पड़ताल कर आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

- डिग्रीलाल सोना, थाना प्रभारी परपोड़ी।

# प्रतिबंध के बावजूद शहर में खुलेआम तेज आवाज में बजाए जा रहे हैं डीजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय व ग्रामीण क्षेत्रों में गत कुछ दिनों से मालवाहक वाहन में दर्जनों की संख्या में साउंडबाक्स रखकर कानफोड़ू आवाज और आंखों को चौंधियाती लेजर लाइट का धड़ल्ले से प्रचलन खुलेआम हो रहा है। लेकिन, जिला मुख्यालय होने तथा तमाम वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती के बावजूद कतिपय लोगों द्वारा बाहर से वाहनों में डीजे बुलवाकर विभिन्न अवसरों पर इनका प्रयोग व प्रदर्शन करने में कोई हिचकिचाहट नहीं होने के साथ नियम कानून की अव्हेलना की जा रही है। गौरतलब है कि इन दिनों आईसीएसई सहित महाविद्यालय में सेमेस्टर व शालाओं में वार्षिक परीक्षाएं जारी है।

इसके बावजूद बिना वैध परमिशन के इस तरह ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ प्रशासन कार्यवाही करने की बजाय चुप्पी साधे मुक दर्शक की भूमिका निभाने में लगी है। एक तरफ न्यायालय ने भी सख्त आदेश जारी कर कानफोड़ू डीजे पर लगाम लगाते हुए निर्धारित आवाज में बजाने का निर्देश दिया है।जिस तरफ से जिले में बेधड़क डीजे बजाया जा रहा इससे स्पष्ट है कि न्यायालय के आदेश को ना मानकर न्यायालय के आदेश की अहवेलना की जा रही है।



■ कलेक्टर के निर्देश के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

### चौराहों पर तैनात पुलिस भी खामोश

नगर में कानून व्यवस्था व वाहनों द्वारा यातायात नियमों की अव्हेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी निभाने वाला यातायात पुलिस विभाग भी वाहनों में साउंडबाक्स लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने के खिलाफ सख्ती बरतने संबंधी उच्च न्यायालय के निर्देश का पालन न कर अव्हेलना करने वालों के ▶▶| शेष पेज 11 पर

## सिंघौरी स्कूल की बालिकाएं सीख रही हैं आत्मरक्षा की हुनर...



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल सिंघौरी के बालिकाएं रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत कराते के माध्यम से अपनी रक्षा करना सीख रही हैं। कराते की हुनर स्कूली बच्चों को प्रीती वर्मा द्वारा बहुत ही सरलता से सिखाया जा रहा है। संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने बच्चों को कराते का महत्व एवं हमारे जीवन में इसकी आवश्यकता के बारे में प्रकाश डालते हुए विस्तार से बताया। इस दौरान शाला में सरस्वती साहू, राजेश्वरी ठाकुर, आगेश्वरी साहू, देवेंद्र साहू, नूतेश्वर चंद्राकर एवं प्रशांत बघेल उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में जिले के खिलाड़ियों ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ महाराष्ट्र के औरंगाबाद में 13 से 16 फरवरी तक हुई स्पर्धा

औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में 13 से 16 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सॉफ्टबॉल अंडर 14 बालक-बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ क्री बालिका वर्ग की टीम ने पूरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है। जिले की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा के व्यायाम शिक्षक एवं टीम के कोच सह दल प्रबंधक मृत्युंजय शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के 16 राज्यों क्री टीम ने भाग लिया। उनमें छत्तीसगढ़ क्री बालक वर्ग टीम ने लीग के मैचों में क्रमशः गुजरात को 10-02 से तेलांगना को 10-02 से हराया किंतु क्वार्टर फाइनल में चंडीगढ क्री टीम से 00-01 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, बालिका वर्ग की टीम ने लीग मैच में क्रमशः जम्मू कश्मीर को 10-00 से तमिलनाडु को 10-00 से तथा चंडीगढ़ को 04-00 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में आंध्र प्रदेश को 07-00 से हराया। सेमीफाइनल मे मेजबान राजस्थान क्री टीम को 04-03 से हराकर प्रतियोगिता फाइनल पहुंची। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बालिका वर्ग की टीम ने भरपूर कोशिश की जीत की, लेकिन उसे मेजबान महाराष्ट्र की टीम से 03-02 से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह टीम को रजत पदक प्राप्त हुआ।




### टीम की जीत के लिए इन खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

इस पूरी प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा की कोमल पाटिल, राजू निषाद, अनंत सिंह, सरिता सिन्हा, दीक्षा कोठारी, केवरा, करीना पाटील ने शानदार प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग की टीम को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर जिला शिक्षा अधिकारी केके बंजारे, संस्था के प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र पाटिल, प्रधान पाठक विनोद चौहान, समिति सदस्य उदय भास्कर सिंग, प्रबल सिंग ठाकुर, व्याख्याता नीता साहू, पुष्कर भोंसले, रश्मि अग्रवाल, दीपशिखा माने, शाहिना सिन्हा, पदमजा सिंग, मंजूषा सिंग, सुजाता पटेल, ज्योति देवांगन, प्रमोद जानी उद्धव साहू, रौशनी गुप्ता, घनश्याम डनसेना, चिकेंद्र साहू, कविता शर्मा, प्रिंस सिंग, कमल यादव आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

### जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता समाप्त

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने आदेश जारी कर जिले के नगरीय निकायों में आदर्श आचार संहिता प्रभाव शून्य घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत 15 फरवरी को मतगणना संपन्न हो गई है। इसके अंतर्गत जिले के नगर पालिका परिषद बालोद एवं दल्लीराजहरा, नगर पंचायत गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, डौण्डी, चिखलाकसा एवं अर्जुंदा में आदर्श आचार संहिता प्रभाव शून्य घोषित की गई है।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

**सड़कों पर यमदूत बन कर दौड़ रहे कई वाहन, जिम्मेदार मौन**

# मालवाहकों में ढोई जा रही सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखमरिया

सड़कों पर मुसाफिरों की सुरक्षा खतरे में है। ऐसा पिछले कई वर्षों से हो रहा है। शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती। लेकिन, इसे देखकर आरटीओ यातायात पुलिस एवं प्रशासन के जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं।

साजा, बेमेतरा, सिलहाटी, रायपुर जाने वाली अधिकांश बस, मालवाहक ना परमिट है, ना फिटनेस अधिकांश मालवाहक बस स्टैंड में खड़ी रहती है। मालवाहक गाड़ी में शादी के लिए बुकिंग लेकर बाराती ढोने का काम करते हैं। पुलिस भी मूकदर्शक बनकर बैठी है।



कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। बिना परमिट बस, वह बिना परमिट की गाड़ियों से यात्रियों का आवागमन प्रतिदिन बड़ी संख्या में हो रहा है । मासूम बच्चे आत्मानंद स्कूल व अन्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी यह गाड़ियां लाने ले जाने का काम करती है। जिसे रोकना व कार्रवाई करना आवश्यक है। अनुमति बगैर वाहनों के चलते सरकार को प्रतिवर्ष राजस्व मद में लाखों का चूना लगाया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा जानकारी होने के बाद भी अनभिज्ञ है। बिना परमिट की माल वाहक और बस में यात्रा करने वाले यात्री भी सुरक्षित नहीं है। अगर कोई यात्री ऐसी बसों में यात्रा करते हैं। जिनके पास परमिट भी नहीं है। तो यात्रियों को दुर्घटना के दौरान बीमा राशि की क्षति उठानी पड़ेगी।

### दोषियों पर की जाएगी कार्रवाई

अरविंद भगत जिला परिवहन अधिकारी का कथन है। अवैध संचालन को हर हाल में रोका जाएगा। अवैध रूप से चल रहा है। वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाएगा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com




9 दिन

19 मार्च से 27 मार्च 2025, 16 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025

07 मई से 15 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025

राशिः-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

# आप की महापौर प्रत्याशी सहित 14 की जमानत जब्त, 150 पार्षद भी नहीं बचा पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर नगर निगम चुनाव 2025 में महापौर पद के चुनाव में पराजित होने वाली 15 महिला प्रत्याशियों में कांग्रेस की दीप्ति दुबे को छोड़कर अन्य कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत राशि बचा नहीं पाया।

यहां तक कि तीसरे नंबर पर जीत की दावेदार मानी जा रही आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी डा. शुभांगी तिवारी भी अपनी जमानत बचा पाने में कामयाब नहीं रहीं। इसी प्रकार पार्षद पद के लिए निगम से 306 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा है। इनमें निर्वाचित हुए 70 प्रत्याशियों के अलावा हारे 336 प्रत्याशियों में 86 ही अपनी जमानत राशि बचा पाने में कामयाब रहे, वहीं 150 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई।



### कांग्रेस प्रत्याशी की भी जमानत जब्त

निगम के पार्षद चुनाव में जमानत राशि नहीं बचा पाने वालों में शिवसेना, आप, बसपा सहित क्षेत्रीय पार्टी के साथ निर्दलीय प्रत्याशियों के अलावा एक कांग्रेस प्रत्याशी भी शामिल है। बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रमांक-53 में भाजपा-कांग्रेस सहित 9 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा। इनमें भाजपा प्रत्याशी मनोज जांगड़े ने रिकार्ड मतों से जीत हासिल की, जिसके कारण इस वार्ड से कांग्रेस सहित अन्य प्रत्याशियों को बहुत कम वोट मिलने के कारण उनमें से एक भी प्रत्याशी अपनी जमानत बचा नहीं पाया। इसमें कांग्रेस प्रत्याशी भी शामिल है, जिसे महज 532 वोट ही मिले हैं।

### जमानत राशि जब्ती से प्रशासन को हुई मोटी कमाई

विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तरह नगर निगम चुनाव में भी प्रत्याशियों की जमानत राशि जब्ती से प्रशासन को मोटी कमाई हुई है। इस चुनाव में महापौर पद से 16 महिला प्रत्याशी मैदान पर थीं, जिनमें से निर्वाचित भाजपा प्रत्याशी के अलावा पराजित हुई कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत राशि ही लौटाई जाएगी। शेष 14 हारी प्रत्याशियों की जमानत राशि जब्त की जाएगी। महापौर पद के लिए महिला वर्ग को जमानत राशि में 50 प्रतिशत की छूट दी गई थी, जिसके कारण प्रत्येक प्रत्याशी से 10 हजार रुपए जमानत राशि जमा कराई गई थी। इस तरह 14 प्रत्याशियों का एक लाख 40 हजार रुपए जब्त किया गया है। इसी प्रकार पार्षद पद के लिए भी महिला वर्ग के साथ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग को 50 प्रतिशत की छूट दी गई थी। इस तरह छूट प्राप्त प्रत्याशी से ढाई हजार रुपए एवं सामान्य प्रत्याशी से 5 हजार रुपए की जमानत राशि जमा कराई गई थी। पार्षद पद के 150 प्रत्याशियों के करीब 5 लाख रुपए जब्त किए जाने की संभावना है। इस तरह महापौर और पार्षद प्रत्याशियों की जमानत राशि के रूप में प्रशासन को करीब साढ़े 6 लाख रुपए की मोटी कमाई हुई है।

### इस कारण होती है जमानत राशि जब्त

*चुनाव में जमानत जब्त होने का मतलब है कि यदि किसी उम्मीदवार को निर्धारित न्यूनतम वोट प्रतिशत नहीं मिलते हैं, तो उसकी जमानत राशि जब्त कर ली जाती है। यह प्रावधान भारतीय चुनावी कानून के तहत लागू है। जमानत राशि को उम्मीदवार के द्वारा चुनावी नामांकन के दौरान जमा किया जाता है और यदि वह उम्मीदवार चुनाव में कुल वोटों का 1/6 यानी 16.66 प्रतिशत वोट हासिल नहीं करता है, तो उसकी जमानत जब्त कर ली जाती है।*

### नियम के तहत जमानत जब्त

*चुनाव आयोग के नियम के तहत कुल वोटों का 1/6 प्रतिशत प्रत्याशी को वोट हासिल करना होता है। निर्धारित वोट हासिल नहीं करने वाले प्रत्याशियों की जमानत जब्त होगी।*

*- **उमाशंकर बंदे,***
*जिला उप निर्वाचन अधिकारी रायपुर*

## खबर संक्षेप

### बिरगांव की जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

**रायपुर।** नगर निगम बिरगांव के क्षेत्र की जनसमस्याओं लेकर भाजयुर्मा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर युवा नेता गौतम साहू ने बताया कि निगम आयुक्त को समस्याओं से अवगत कराया एवं जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में भारतीय जनता युवा मोर्चा बिरगांव मंडल के पूर्व महामंत्री सौरभ वर्मा, मोनू मानिकपुरी, दाऊलाल साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हाउसिंग बोर्ड कालोनियों से जल कर वसूली

**रायपुर।** जोन 9 राजस्व विभाग द्वारा मंगलवार से नगर निगम क्षेत्र की बकायादार हाउसिंग बोर्ड आवसीय कॉलोनियों से बकाया राजस्व वसूली करने कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी। आज परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड आवासीय कॉलोनी से जलकर के बकाया 73 लाख रुपये वसूलने कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। इसी प्रकार हाउसिंग बोर्ड की अन्य आवासीय कॉलोनियों पर बकाया करीब 4 से 5 करोड़ रुपये के जल कर की नियमानुसार कड़ाई से वसूली करने निगम अमल जुट गया है।

### ईवीएम से चुनाव जीतती है भाजपा : सनी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मनेंद्रगढ़ जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर कांग्रेस को मजबूत किया। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल ने सभी जीते हुए प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में काफी अंतर है, एक तरफ नगर निकाय चुनाव में भाजपा ईवीएम मशीन से चुनाव जीत हासिल कर रही है, दूसरी तरफ जिला पंचायत चुनावों में इनका खाता तक नहीं खुल रहा है, जो काफी विचारणीय है। श्री अग्रवाल ने कहा, बैलेट से चुनाव होने पर पारदर्शिता होती है, आगे बैलेट से समस्त चुनाव हों, जिस पर राष्ट्रीय दल के हमारे समस्त नेताओं को इस पर जमीनी स्तर पर आंदोलन करने की जरूरत है। ताकि ईवीएम मशीन पूर्ण रूप से बंद हो सके, जनता और जनप्रतिनिधियों को अधिकार है, यह जानने का कि आखिर उनका मत किस पार्टी को पड़ा है। सुशील सन्नी अग्रवाल ने कहा, जादूगर की जान तोते में होती है, उसी तरह भाजपा की जान ईवीएम में स्थापित है।

मुख्यमंत्री से मिले रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और धमतरी के महापौर और पार्षद

# साय बोले- अटल विश्वास पत्र के वादों को पूरा करने में महापौर-पार्षदों की भूमिका होगी अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के महापौर एवं पार्षदों से कहा, वार्डों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता में होना चाहिए। जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं, ताकि हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। सभी पार्षद अपने वार्ड के लोगों से निरंतर संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। हमारे अटल विश्वास पत्र के वादों को पूरा करने में महापौर और पार्षदों की भूमिका अहम होगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा, भाजपा को नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिली है, जो जनता के हमारी सरकार पर विश्वास को दर्शाता है। यह जीत संगठन के नेताओं से लेकर जमीनी कार्यकर्ताओं तक के परिश्रम का परिणाम है। अब हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है और अटल विश्वास पत्र में किए गए वादों को पूरा करना है। इसमें महापौर एवं पार्षदों की भूमिका सबसे अहम होगी, क्योंकि वे सीधे जनता से जुड़े हुए हैं।





### जनता से लगातार संपर्क करें

मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी कहा कि नगरीय निकायों के सभी महापौर और पार्षद अपने क्षेत्र में स्वच्छता, बिजली, पानी एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जनता से लगातार संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें, अपने क्षेत्र में घूमकर समस्याओं को जानें, इससे प्रशासनिक कसावट आएगी और विकास को गति मिलेगी।

### सीएम से मिले ये महापौर

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने निवास पर रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग एवं धमतरी नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों से मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई तथा सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव, धमतरी के नवनिर्वाचित महापौर जगदीश रामू रोहरा, दुर्ग की महापौर अलका बाघमार, रायपुर की महापौर मीनल चौबे, बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत सहित अन्य निकायों के पार्षद उपस्थित रहे।

### मेयरों से मिले सीएम, कहा- अब वार्डों का हो समग्र विकास

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के महापौर एवं पार्षदों से कहा है कि वार्डों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता में होना चाहिए। जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं, ताकि हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। सभी पार्षद अपने वार्ड के लोगों से निरंतर संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। श्री साय से नव निर्वाचित मेयरों ने मुलाकात की।

**वादों को पूरा करना है**

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भाजपा को नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत मिली है, जो जनता के हमारी सरकार पर विश्वास को दर्शाता है। यह जीत संगठन के नेताओं से लेकर जमीनी कार्यकर्ताओं तक के परिश्रम का परिणाम है। अब हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है और अटल विश्वास पत्र में किए गए वादों को पूरा करना है। इसमें महापौर एवं पार्षदों की भूमिका सबसे अहम होगी, क्योंकि वे सीधे जनता से जुड़े हुए हैं। नगरीय निकायों के सभी महापौर और पार्षद अपने क्षेत्र में स्वच्छता, बिजली, पानी एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जनता से लगातार संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें अपने क्षेत्र में घूमकर समस्याओं को जाने इससे प्रशासनिक कसावट आएगी और विकास को गति मिलेगी।

**नव निर्वाचित मेयरों से की मुलाकात**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास पर दुर्ग एवं धमतरी नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों से मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव, धमतरी के नवनिर्वाचित महापौर जगदीश रामू रोहरा, दुर्ग की महापौर अलका बाघमार सहित अन्य निकायों के पार्षद उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री से उनके निवास पर रायपुर एवं बिलासपुर नगर निगम की नव निर्वाचित महापौर मीनल चौबे एवं पूजा विधानी ने मुलाकात की। श्री साय ने उन्हें नव दायित्व के लिए बधाई एवं सफल कार्यकाल हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत उपस्थित रही।

## अरजपुरी में संतोषी बनीं सरपंच, जताया आभार



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत अरजपुरी में सरपंच चुनाव में संतोषी ठाकुर के विजयी होने पर ग्रामवासियों ने ग्राम में रैली निकालकर बाजे-गाजे के साथ जश्न मनाया। अपने से बड़ों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। उसके बाद घर पहुंचने पर घर के सदस्यों ने आरती उतार कर पुष्प माला से स्वागत किया। इस अवसर पर पूरे ग्रामवासियों ने खुलकर जश्न मनाया। निर्वाचित सरपंच ने सभी मतदाताओं का आभार जताते हुए सभी की सहभागिता से ग्राम के विकास के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पंच रीमा साहू, देवकी ठाकुर, बिसनतीन बाई, महेंद्र कुमार, कांति बाई, रेवती बाई पार्वती एवं समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।

### नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथग्रहण समारोह 24 के बाद

**रायपुर।** नगर निगम चुनाव में भाजपा की रिकार्ड जीत के बाद अब नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और रायपुर नगर निगम के 70 वार्डो से चुनकर आये पार्षदों के शपथग्रहण समारोह को लेकर चर्चा है। 24 फरवरी के बाद राजधानी में आयोजित भव्य समारोह में महापौर मीनल चौबे सहित 70 वार्डो के पार्षद शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता सहित लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल होंगे। इस बार नगर निगम सभापति बनने की दौड़ में भाजपा के वरिष्ठ पार्षद व पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। वे 5वीं बार पार्षद चुनकर आये हैं, सीनियर पार्षद होने के साथ ही उन्हें नगर निगम के कार्यकलापों की अच्छी जानकारी भी है। यही नहीं, एक बार वे नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं।

## एमबीबीएस फाइनल की छात्रा हेमा ने बच्चों को दिया केरियर मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

एमबीबीएस फाइनल ईयर की छात्रा हेमा गुप्ता ने पीएम श्री स्कूल में बच्चों को केरियर मार्गदर्शन दिया। पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला गुण्डरदेही में बच्चों को स्मार्ट स्टडी, बच्चों के खान–पान व हाइजीन एवं अच्छी आदतों के बारे में एमबीबीएस फाइनल ईयर की छात्रा हेमा गुप्ता ने विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं सेल्फ स्टडी करके एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उन्होंने बताया कि कोई भी मुकाम हासिल करने के लिए उसकी तैयारी बचपन से ही होनी चाहिए। बच्चे सोशल मीडिया से जितना दूर रहेंगे, वे अपने लक्ष्य की प्राप्ति उतनी ही आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं को गुड टच, बैड टच के बारे में बताया। इस दौरान प्रधान पाठिका सविता यादव, सहायक शिक्षक पुनेश्वर साहू, सहायक शिक्षक नेहा गुप्ता व योग शिक्षक प्रकाश देशमुख उपस्थित थे।

## पंचायत चुनावः पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर बालोद पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।

पुलिस अधीक्षक बालोद के निर्देशन में पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण में बालोद थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। 20 फरवरी को बालोद विकासखण्ड मे पंचायत चुनाव के लिए मतदान होना है, जिसके मद्देनज़र सुरक्षित, निष्पक्ष चुनाव कराने एवं मतदाताओं द्वारा निर्भीक होकर मतदान करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बालोद एस.आर.भगत के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, निरीक्षक बालोद थाना रविशंकर पांडे द्वारा थाना क्षेत्र के ग्रामों में फ्लैग मार्च किया गया।






जनपद पंचायत बालोद अंतर्गत हीरापुर, सिवनी, झलमला, जगतरा, जमरूवा, करहीभदर, निपानी, पिपरछेढ़ी, चरवाही, बिरेंतरा, भेड़ियानवागव, परसोदा, ग्राम पड़कीभाट, नेवारीखुर्द, नेवारीकला, लाटाबोढ़, देवीनवागांव, सुंदरा, जगन्नाथपुर, सांकरा, कोहांगाटोला, जुंगेरा, तरौद में 100 जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया गया। एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर एवं निरीक्षक बालोद रविशंकर पांडे के नेतृत्व में जनपद पंचायत बालोद क्षेत्र में पैदल मार्च कर सभी मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया गया, इस दौरान लोगों से अपील की गई कि अधिक मतदान में भाग लें एवं निर्भीक निष्पक्ष होकर मताधिकार का उपयोग करें। बालोद पुलिस ने समस्त मतदाताओं से अपील की कि अपने सभी अपने मताधिकार का उपयोग करें एवं मजबूत लोकतंत्र को बनाने में अपना योगदान दें।

सुशासन को सुदृढ़ करने सीईजीआईएस और टीआरआई के साथ हुआ एमओयू

**प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और नीति-निर्माण में होगा क्रांतिकारी सुधार**

# भ्रष्टाचार पर कसेगा शिकंजा, आम जनता को सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में सुशासन एवं अभिसरण विभाग ने सेंटर फॉर इफेक्टिव गवर्नेंस ऑफ इंडियन स्टेट्स (सीईजीआईएस) और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया (टीआरआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी से प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि, योजनाओं की प्रभावी निगरानी एवं क्रियान्वयन को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, संसाधनों का सही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से हमने प्रदेश में 'सुशासन एवं अभिसरण विभाग' की स्थापना की है। यह 58वां विभाग न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा, बल्कि सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, आज हुए एमओयू से प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और नीति-निर्माण में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे।



### नीति निर्माण को मिलेगी नई दिशा

सीईजीआईएस के फाउंडर कार्तिक मुरलीधरन ने कहा, हम छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर राज्य की नीतियों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तकनीकी, विश्लेषणात्मक और रणनीतिक सहयोग देंगे। साथ ही, रणनीतिक बजटिंग और वित्तीय प्रबंधन में शासन को सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा, वैश्विक स्तर की विशेषज्ञता और डेटा-ड्रिवन नीति निर्माण से छत्तीसगढ़ को व्यापक लाभ मिलेगा।

**टीआरआई के सहयोग से ग्रामीण विकास को मिलेगा नया आयाम :** ग्रामीण क्षेत्रों के सतत विकास के लिए टीआरआई के साथ हुए समझौते के तहत, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और जल संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। संस्था के एसोसिएट डायरेक्टर श्रीश कल्याणी ने बताया कि हम छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर स्थानीय शासन को सशक्त बनाने, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने और ग्रामीण विकास को तेज गति देने में सहयोग करेंगे।

### ई-गवर्नेंस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने बताया कि ई-गवर्नेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, शिकायत निवारण तंत्र और योजनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी सुविधाओं को इस पहल से नया आयाम मिलेगा। एमओयू से न केवल सरकारी कर्मचारियों और युवाओं के कौशल विकास और क्षमता उन्नयन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शासन की योजनाओं को अधिक प्रभावी और सुगम बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, भ्रष्टाचार पर सख्त लगाम लगेगी और आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त होगा।

## पेज 9 के शेष

### बेमेतरा व नवागढ़ ब्लाक के ...

सरपंच प्रत्याशी अपने-अपने ग्राम पंचायतों के विकास और प्रशासनिक कार्यों की ज़िम्मेदारी संभालेंगे। पंचायत स्तरीय चुनावों के विजयी उम्मीदवारों में जनता के हित में काम करने का संकल्प लिया गया। जनपद पंचायत बेमेतरा के अधिकारियों ने बताया कि नवनिर्वाचित सदस्य और सरपंच, पंच मिलकर ग्रामीण विकास को नई दिशा देंगे। इन सभी जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जा रही है कि वे अपनी-अपनी पंचायतों में विकासात्मक कार्यों को गति प्रदान करेंगे और शासन की योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करेंगे। प्रमाण पत्र वितरण समारोह के बाद, सभी सदस्यों और विजयी प्रत्याशियों ने क्षेत्र में शांति, विकास और समृद्धि के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### नवागढ़ जनपद पंचायत से ये 24 ...

पत्र सौंपे गए। नवागढ़ जनपद पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में प्रमुख नाम दशरीत सियाराम गोड, भुनेश्वरी रितु कुमार साहू, भारती आहिरे, पूजा नागेश्वर बजारे, धरमदास दिवाकर, अमित कुमार, खोरबाहरा साहू, श्रीमति सिलसिला कुर्रे, पूजा नरेन्द्र भारती, कमलेश्वरी बंजारे भंजन, नरेश वर्मा, शिवप्रसाद साहू, सावित्री तोरन राजपूत, केदार साहू, तारकेश्वरी साहू, देवेन्द्र कुमार वर्मा, भारती डैनी ठाकुर, मिथलेश वर्मा, माया हीरा बारले, उमेश जगदीश साहू, रानी साहू, जितेन्द्र कुमार मात्रे, मीना बाई साहू, और परमेश्वर वर्मा हैं।

### चौराहों पर ...

खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय मूक दर्शक की भूमिका में है। **जिलाधीश का निर्देश भी बेअसरः** नगर में ध्वनि प्रदूषण फैलाने तथा नियमों की अव्हेलना करने वाले वाहनों को जब्त करने संबंधि समय-समय पर दिये गये जिलाधीश के निर्देश के बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किये जाने से नगरवासी परेशान है। गौरतलब है कि सभी चिकित्सालय, शासकीय कार्यालय, विद्यालय के आसपास 100 मीटर के दायरे में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को प्रतिबंधित करने के अलावा निर्धारित डेसीबल से अधिक तेज आवाज में उनका उपयोग किये जाने की दशा में वाहन सहित साउंड सिस्टम को जब्त किये जाने का प्रावधान नियमों में रखा गया है लेकिन बनाये गया नियम सिर्फ कागजों तक सिमित प्रतीत होता है तथा धरातल पर इसका पालन कराने वाले जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों को शायद कोई लेना देना नहीं है।

## खबर संक्षेप



### चौलेश ने 54वीं बार किया रक्तदान

**गुरूर।** समाज सेवी चौलेश देशमुख ने अपने 50 वें जन्मदिन पर रक्तदान किया। श्री देशमुख अब तक 54 बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं लगातार आवश्यकता अनुसार रक्तदान कर रहा हूं, इससे शरीर पहले की अपेक्षा स्वास्थ लगता है। उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ युवाओं को रक्तदान करना चाहिए।

### अधिकारी-कर्मचारियों की ली गई बैठक



**बालोद।** निर्वाचन के लिए मतगणना पेटी व निर्वाचन दलों को रवाना करने के बाद बालोद ब्लाक में शांतिपूर्ण रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### बाइक में टक्कर बुजुर्ग घायल

**बालोद।** ग्राम जामगांव बी के समीप एक अज्ञात मोटरसायक चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्राम नेवारीखुर्द निवासी मोटरसायकल चालक हीरालाल पिता झाडूराम उम्र 65 वर्ष को ठोकर मारकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे संजीवनी 108 द्वारा प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय लाया गया। मरीज के सिर में गंभीर चोट एवं हाथ में फैक्चर को देखते हुए जिला चिकित्सालय से रायपुर मेकाहारा रिफर किया गया। घटना मंगलवार की देर शाम की बताई जा रही है।

### मेडिकल यूनिट वाहन में की तोड़फोड़, आरोपी गिरफ्तार



**बालोद।** जिले के स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल यूनिट वाहन पर बदमाश ने तोड़फोड़ कर दी। इस मामले में पुलिस ने बदमाश युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार शहर के आमापारा में लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर रहे मेडिकल यूनिट वाहन की बदमाश ने तोड़फोड़ की है। बदमाश ने पत्थर मारकर वाहन का कांच तोड़ा दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसके साथ ही मौके पर उपस्थित कई लोगों ने वीडियो भी बनाया था, जो सामने आया है। एफआईआर के बाद कोतवाली पुलिस ने बदमाश को पकड़ लिया है। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मेडिकल वाहन शहर के एक मोहल्ले में पहुंचा था, जिस पर बदमाश ने पत्थर मारकर तोड़फोड़ की। इससे पहले भी बदमाश एक दुकान में तोड़फोड़ के मामले में जेल जा चुका है।

## कार्यकर्ताओं ने जमकर की आतिशबाजी, रैली का जगह-जगह हुआ स्वागत

# विजय की जीत पर भाजपा ने निकाली रैली

### रैली में सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश व जिला भाजपाध्यक्ष अजय सहित अनेक नेता हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

नगर पालिका अध्यक्ष के लिए निर्वाचित विजय सिन्हा की शहर में विशाल रैली निकाली गई। इस आभार रैली में बडी संख्या में समर्थको के साथ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। नव निर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा ने रोड शो में लोगों का अभिवादन किया। विजय रैली बाजार पारा स्थित माता भद्रकाली मंदिर से लोकसभा के सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, चुनाव संचालक हर्षवर्धन तिवारी सहित वरिष्ठ भाजपा नेता की मौजूदगी में प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए देर रात विधायक निवास जाकर संपन्न हुई।



### कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे, जगह-जगह हुआ स्वागत

सांसद सहित वरिष्ठ भाजपा नेता रथ पर सवार थे। इस दौरान जगह जगह विभिन्न समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा का स्वागत करते रहे। वहीं, कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे फोड़ कर अपनी खुशी का इजहार किए। रथ पर सवार होकर रैली में निकले भाजपा नेताओं का सुन्नी मुस्लिम जमात के अध्यक्ष सैयद कौशर अली के नेतृत्व में समाज जनों बाजार पारा में भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद नवीन बाजार में सब्जी व्यापारी संघ ने लड्डुओं से तौलकर अभिनन्दन जहां। वहीं, अधिवक्ता संतोष चौबे के निवास पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उसके बाद वार्ड 17 में बंटी चाचा माहेश्वरी के नेतृत्व में स्वागत कर नागरिकों को मिष्ठान वितरण किया गया। इसके उपरांत नया पारा निवासी युवा मोर्चा कार्यकर्ता रहे स्वर्गीय तुषार साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा व भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की। फिर समाज सेवी विजय शर्मा के घर के बाहर आतिशबाजी फूल माला मिष्ठान वितरित करके स्वागत किया गया। रैली में धुमाल बैंडबाजा राउत सहित अनेकों वाद्ययंत्रों में जनता व कार्यकर्ता थिरक रहे थे। रैली में प्रमुख रूप से नवनिर्वाचित पार्षदों के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा , राजेश शर्मा ,चंद्रशेखर वर्मा ,नीलू प्रवीण राजपूत ,दोहाई वर्मा ,राकेश मोहन शर्मा ,धर्मेंद्र साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता साहू, रीना साहू , मोंटी साहू,मिनू पटेल ,ममता साहू गोलू कोशले सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### ट्रिपल इंजन की सरकार रफ्तार से दौड़ेगी

सांसद विजय बघेल ने इस अवसर पर कहा कि पार्टी सदैव एक छोटे कार्यकर्ताओं को उसके कार्य कुशलता उसकी समर्पण के आधार पर उसे अवसर प्रदान करती है। श्री बघेल ने कहा कि ऐसा सिर्फ भाजपा में देखा जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार के बाद नगरीय निकायों में भी भाजपा के आने से ट्रिपल इंजन वाली सरकार तेजी से दौड़ेगी। अध्यक्ष प्रत्याशी विजय सिन्हा के एक ऐतिहासिक जीत प्राप्त करने से विकास की रफ्तार और दुगुनी हो जाएगी। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा के बाद अब नगरीय निकाय चुनाव में अपने विश्वास को और अटल करते हुए जनता ने हमें ऐतिहासिक जीत दिलाई है, जिसके लिए पूरी पार्टी जनता का भरोसा कायम रखेगी।

### जनता की आकांक्षाओं को पूरा करूंगा : विजय


शहर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि, बेमेतरा शहर की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप में कार्य करूं, यही मेरी कामना रहेगी। चुनाव के दौरान आम जनमानस में मुझे अपनी पीड़ा बताई थी, उन्हें दूर करना मेरा प्रयास रहेगा। विगत 5 वर्षों में बेमेतरा पूरी तरह से पीछे चला गया था। अब इन बातों को छोड़कर बेमेतरा में नए कलेवर के साथ बेमेतरा का विकास करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझ पर दूसरी बार विश्वास जताया।

### भिंभौरी के नवनिर्वाचित निर्दलीय पार्षद जितेंद्र भाजपा में शामिल



**बेमेतरा।** नगर पंचायत भिंभौरी के वार्ड क्रमांक 02 के नवनिर्वाचित निर्दलीय पार्षद जीतेन्द्र धीवर भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने भाजपा की रीति-नीति और विकास कार्यों से प्रभावित होकर विधायक दीपेश साहू के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस मौके पर विधायक दीपेश साहू ने पार्षद जीतेन्द्र धीवर का भाजपा परिवार में पार्टी गमछा पहनाकर स्वागत किया। विधायक श्री साहू ने कहा कि पार्टी में उनके शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री की नीतियों के साथ जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, भाजपा में शामिल होने के बाद पार्षद जितेन्द्र धीवर ने कहा कि वे भाजपा की विचारधारा और जनहित में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित हैं और पार्टी के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास में योगदान देंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता उत्तम देवांगन पवन यादव सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने बाजी मारी : छाबड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- पूर्व विधायक ने किया दावा

जिले में हो रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने विशेष कर जनपद तथा जिला पंचायत क्षेत्र में अपने निकटतम प्रतिनिधियों से बढ़त बना ली है, जिससे यह निश्चित हो गया है कि इस चुनाव में ग्रामीण जनता ने कांग्रेस का साथ दिया है।

यह दावा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया है। उन्होंने कहा कि जिले की जनता ने पंचायत चुनाव में भाजपा को नकार दिया है तथा कांग्रेस को समर्थन देते हुए कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को विजयी बनाया है। पूर्व विधायक छाबड़ा ने कहा कि अभी पूरी तरीके से जिला पंचायत एवं जनपद के नतीजे प्राप्त नहीं हुए, जिला पंचायत के बहुत से क्षेत्रों में अभी चुनाव होना बाकी है तथा जिन जगहों पर चुनाव हो चुके हैं उनके जिला निर्वाचन निर्वाचन आयोग की ओर से परिणाम आने के बाद निश्चित रूप से जनपद एवं जिला पंचायत में कांग्रेस समर्थित व्यक्ति ही अध्यक्ष बनेगा। उन्होंने पंचायत चुनाव में विजयी होने वाले सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय में ललित विश्वकर्मा प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा जोगिंदर छाबड़ा मनोज शर्मा रवि रजक जिला पंचायत निर्वाचित सदस्य शशि प्रभा गायकवाड़ जिला पंचायत निर्वाचित सदस्य हरीश साहू जनपद सदस्य सनतधर दीवान मिथिलेश वर्मा शिव वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत जेवरी प्रकाश साहू सरपंच ग्राम पंचायत अमोरा सुखराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में चला टंगिया

**बालोद।** ग्राम चिखली में पेड़ काटने से मना करने पर बड़े भाई व उनके बेटे द्वारा छोटे भाई व उसकी पत्नी पर टंगिया से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार अनिल कुमार गौर ने जानकारी दी कि पिता निकराम व बड़े पिता पंचराम बंटवारा होने के बाद अलग–अलग निवासरत हैं। दो साल पहले जमीन का खाता विभाजन हो चुका है। खेत के बीच मेड़ पार में महुआ पेड़ हमारे हिस्से में है, जिसे 16 फरवरी को बड़े पिता व भाई उदय राम काट रहे थे।

# जनपद सदस्य व सरपंच चुनाव के परिणाम जारी, विजेता प्रत्याशियों ने मनाया जश्न

### नव नियुक्त जनप्रतिनिधियों ने जनता का जताया आभार, लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत दुर्ग व दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अलग अलग पंचायत में देर रात तक परिणाम आया। जैसे-जैसे परिणामों की घोषणा होती गई, ग्रामीण अपने उम्मीदवार की जीत साथ जश्न मनाने लगे। ग्राम पंचायत अंडा सें दिग्विजय सिन्हा ने 314 वोटों से जीत दर्ज की। इसी तरह ग्राम पंचायत चिंगरी में पुष्पा वाघमारे 113 वोट से, ग्राम पंचायत विनायकपुर योगेन्द्र दिल्लीवार 298 वोट, ग्राम पंचायत आमटी मासाभाट में दुर्गा चौधरी ने 200 वोट से जीत हासिल की।

वहीं, ग्राम पंचायत आलबरस में सैनिक भूवन लाल देशमुख 283, ग्राम पंचायत निकुम में भागवत पटेल 24, ग्राम पंचायत थनौद में मेनका दिनेश देशमुख 470, खपरी सिलोदा में अनसुईया नारायण साहू 51, कोलिहापुरी में ईश्वर साहू 200, पिसेंगांव में द्रौपती देशमुख 60 वोटों से विजयी रहें। इसी तरह ग्राम पंचायत चंदखुरी में कविता ठाकुर, कोनारी से गुजेश्वरी साहू 112, कोटनी से रामसिंह निषाद 125, मोहलाई से डा नरेन्द्र निषाद 520, रसमड़ा से बालकिशन निषाद 300, कुथरेल से गीता गजपाल ने 120, ग्राम पंचायत भरदा से सुनीता जयप्रकाश भारदीय ने 203 और ग्राम पंचायत कोड़ियां खुमान निषाद ने 01 वोट से जीत दर्ज की। वहीं, ग्राम पंचायत जंजगिरी से गीता ठाकुर 181 वोट से, भानपुरी से उमेंदी ठाकुर 330, अछोटी से झरना दिल्लीवार ने 45 और ग्राम पंचायत रिसामा से रोशन लाल साहू ने सरपंच का चुनाव 23 वोट से जीत लिया। वहीं, जनपद सदस्य के लिए ग्राम चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोठारी से



बेला यादव ने 374 वोट से जीत हासिल की। इसी तरह ग्राम पंचायत अंडा से विनायकपुर जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर 542, ग्राम पंचायत कुथरेल, भानपुरी, जंजगिरी से लोमेश कुमार चन्द्राकर 1008, ग्राम पंचायत रिसामा, चिरपोटी, मतवारी, मचान्दू से ढालेश साहू 480 और ग्राम पंचायत निकुम, आमटी, मासाभाट, आलबरस से जनपद सदस्य के रूप में लीलावती रूपेश देशमुख ने 1600 वोट से चुनाव जीत लिया।

### जनपद सदस्य बने लोमेश, विजय जुलूस निकालकर जताया आभार



**अंडा।** दुर्ग जनपद पंचायत चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 19 सें ग्राम कुथरेल, भानपुरी एवं जंजगिरी से ग्राम कुथरेल के युवा प्रत्याशी लोमश चन्द्रकार जनपद सदस्य पद के विजयी होने पर ग्रामवासियों ने जीत का जश्न मनाया। ग्रामवासियों ने बाजे-गाजे के साथ जुलूस निकाला और जमकर आतिशबाजी की। सबसे पहले लोमश चन्द्राकर ने ग्राम स्थित शीतला माता सहित विभिन्न ग्रामों के मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर आभार व्यक्त किया और उनका आशीर्वाद लिया। गांव में महिलाओं ने आरती उतारकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर श्री चंद्राकर ने सभी मतदाताओं का आभार जताते हुए सभी की सहभागिता से जनपद क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राजश्री प्रेरणा चन्द्राकर, पूर्व जनपद सदस्य प्रदीप चन्द्राकर, नव निर्वाचित सरपंच गीता गजपाल, गायत्री साहू, संतोष साहू, महावीर, सुनील, शुभम साहू, टामेश्वर साहू, भीष्म प्रताप, घनश्याम साहू, संती चन्द्राकर, कुन्दन चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के तृतीय चरण के लिए मतदान कर्मियों को दिया गया अंतिम प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- जनपद पंचायत साजा और बेरला में होने वाले चुनाव के लिए तीन स्थानों पर हुआ प्रशिक्षण



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तृतीय चरण के अंतर्गत जनपद पंचायत साजा और बेरला में होने वाले चुनावों के सफल और निष्पक्ष आयोजन के लिए मतदान कर्मियों का अंतिम प्रशिक्षण बुधवार को बेमेतरा जिला मुख्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण तीन प्रमुख स्थानों सेजेस कन्या विद्यालय, पीजी कॉलेज और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन पंचायत चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर किया गया, ताकि मतदान कर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के प्रति पूर्ण रूप से सजग किया जा सके। प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया के दौरान विभिन्न चरणों और स्थितियों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके। इस बीच कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने पीजी कॉलेज पहुँचकर प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और मतदान कर्मियों से सीधे संवाद किया।

### कुल प्रशिक्षण और मतदान अधिकारियों का विवरण

प्रशिक्षण के दौरान जनपद पंचायत साजा और जनपद पंचायत बेरला के कुल 2,292 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इनमें 573 पीठासीन अधिकारी और 573-573 प्रथम, द्वितीय, और तृतीय मतदान अधिकारी शामिल थे। सेजेस कन्या विद्यालय बेमेतरा जनपद पंचायत बेरला में कुल 849 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इसमें 283 पीठासीन अधिकारी, 283 प्रथम मतदान अधिकारी, और 283 द्वितीय मतदान अधिकारी थे। पी.जी. कॉलेज बेमेतरा जनपद पंचायत साजा में 870 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण हुआ। इसमें 290 पीठासीन अधिकारी, 290 प्रथम मतदान अधिकारी, और 290 द्वितीय मतदान अधिकारी थे। वहीं, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में कुल 573 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया, जिसमें 283 मतदान कर्मी जनपद पंचायत बेरला के मतदान केंद्रों के लिए और 290 मतदान कर्मी जनपद पंचायत साजा के मतदान केंद्रों के लिए तैनात किए गए।

### मतदान और मतगणना की प्रक्रिया सामूहिक उत्तरदायित्व

मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि मतदान और मतगणना की प्रक्रिया पूरी तरह से सामूहिक उत्तरदायित्व का कार्य है, इसलिए दल के प्रत्येक सदस्य को अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाना होगा। यदि मतदान के दौरान कोई त्रुटि होती है, तो उसका प्रभाव मतगणना में दिखेगा, इसलिए सभी को अत्यधिक सतर्कता और सावधानी बरतनी होगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सह उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग और संयुक्त कलेक्टर दिप्ती वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## आरटीआई से सामने आया अनोखा कारनामा

# एक पंचायत ने की खरीदी, दूसरे ने चुकाया बिल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार चरम पर है। अब तो पंचायतें दूसरे पंचायतों के बिलों का भी भुगतान करने लगी हैं। मामला बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बी जामगांव का है। इसकी शिकायत ग्रामीण ने जिला प्रशासन से की है। ग्राम पंचायत बी जामगांव में सूचना के अधिकार से निकाली गई जानकारी में यह चमत्कार देखने को मिला है।

जहां आरटीआई द्वारा निकाले गए एक बिल को देखकर आप भी सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि क्या ऐसा भी होता है। जिले में यह अपने तरह का अनोखा मामला है, जो शायद ही पहले हुआ होगा। आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत (बी.) जामगांव से आरटीआई के तहत निकाली गई जानकारी के अनुसार एक बिल प्राप्त हुआ है। इसमें पंचायत द्वारा सामग्री खरीदी का जो बिल लगाया गया है, उसमें खरीददार करहीभदर पंचायत अंकित है, किन्तु बिल का




भुगतान ग्राम पंचायत (बी.) जामगांव के सरपंच और सचिव के सील साइन से किया गया है। हालांकि, बिल मात्र 798 रुपए की छोटी सी राशि का जरुर है, लेकिन सवाल बड़ा खड़ा कर रहा है। आरटीआई से निकाले गए बिल में अंकित तारीख के अनुसार यह मामला 18/05/2020 का है । संजय वेल्डिंग वर्क्स करहीभदर द्वारा जारी बिल में सामग्री खरीदी करने वाले का नाम ग्राम पंचायत करहीभदर अंकित है, लेकिन बिल के नीचे ग्राम पंचायत बी. जामगांव के सरपंच पुष्पा देवांगन और सचिव की सील साइन है।

### अपर कलेक्टर व जनपद सीईओ से लिखित शिकायत

आरटीआई कार्यकर्ता ने ग्राम पंचायत में हुई इस अनियमितता के खिलाफ अपर कलेक्टर व जनपद सीईओ से लिखित शिकायत कर ऐसी और अनियमितता की संभावना जताते हुए पंचायत में हुए कार्यों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या जनप्रतिनिधि और पंचायत अधिकारी बिना फाइल देखे सील व साइन करते हैं या इसके पीछे कोई साजिश है। मामला जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

एक पंचायत सामग्री खरीदी करे और दूसरी पंचायत उसका भुगतान करे, तो यह गलत है। शिकायत पर जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
**- चंद्रकांत कौशिक,** अपर कलेक्टर

# शिवाजी महाराज की अमर गाथा भारतीयों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करती रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत झोला में कुर्मी क्षत्रिय समाज एवं ग्रामवासियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई। इस अवसर पर शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर थे। उन्होंने शीतला चौक पर स्थापित प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि वीर शिवाजी महाराज केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी शासक, उत्कृष्ट रणनीतिकार और कुशल प्रशासक भी थे। उन्होंने अपनी नीतियों, अनुशासित सेना और संगठित प्रशासनिक व्यवस्था के माध्यम से शक्तिशाली और आत्मनिर्भर राज्य की नींव रखी। उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और सूझबूझ से विपरीत परिस्थितियों में भी अद्वितीय विजय प्राप्त की। उनकी अमर गाथा भारत के युवाओं में राष्ट्रप्रेम और अदम्य उत्साह की भावना जागृत करती रहेगी।




कांग्रेस आलाकमान ने जताया भूपेश पर भरोसा
छत्तीसगढ़ के कांग्रेसजनों की ओर से आभार
छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र और किसानों के हितरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री
मान. भूपेश बघेल जी
को राष्ट्रीय महासचिव बनने पर
हार्दिक बधाई...
मान. गिरीश देवांगन
पूर्व अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
उपाध्यक्ष - प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मान. बृजेश शर्मा
प्रभारी राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी
संयुक्त महासचिव - छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मान. सुशील सन्नी अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण
कर्मकार कल्याण मंडल, BOCW
(पूर्व केबिनेट मंत्री दर्जा)